PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Fri, 02 Jun 2017, Page 7
Width: 9.55 cms, Height: 18.25 cms, a4, Ref: 37.2017-06-02.109

नरेला से सोनीपत के कुंडली बॉर्डर तक मिलेगी मेट्रो सेवा

968 करोड़ खर्च करेगा हरियाणा, कैबिनेट की बैठक में मिली मंजूरी, तीन जगह होंगे स्टेशन

राज्य ब्यूरो, चंडीगढ़: दिल्ली से सोनीपत के कुंडली बॉर्डर तक मेट्रो के विस्तार की सारी बाधाएं सरकार ने दूर कर दी हैं। 4.86 किलोमीटर लंबी इस मेट्रो लाइन का 20 फीसद हिस्सा दिल्ली और 80 फीसद हिस्सा हरियाणा में है। परियोजना की लागत का 80 फीसद पैसा हरियाणा और 20 फीसद पैसा केंद्र खर्च करेगा। हरियाणा के हिस्से की राशि 968 करोड़ 20 लाख है। यह फैसला वीरवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।

इस मेट्रो लाइन पर तीन स्टेशन होंगे। पहला नरेला के सेक्टर पांच, दूसरा कुंडली और तीसरा स्टेशन नाथपुर में होगा। तीनों ही मेट्रो स्टेशन एलिवेटिड होंगे। अप्रैल-2018 में मेट्रो का काम शुरू होगा और मार्च 2022 तक पूरा किया जाएगा। गौरतलब है कि कुंडली तक मेट्रो लाने के प्रयास पिछली हुड्डा सरकार में भी हुए थे। उस समय दिल्ली के करनाल बाइपास से सीधे कुंडली तक मेट्रो लाने का प्रस्ताव बना था, लेकिन दिल्ली मेट्रो कारपोरेशन ने खर्चे से हाथ खींच लिए थे। शहरी निकाय मंत्री कविता जैन ने नए सिरे से कुंडली बॉर्डर तक मेट्रो लाने की परियोजना तैयार कराई और उसे मुख्यमंत्री के समक्ष पेश किया था।

बाराखंभा मेट्रो स्टेशन पर निकला धुआं

नई दिल्ली: बाराखंभा मेट्रो स्टेशन में धुआ निकलने का मामला प्रकाश में आया है। स्टेशन को ठंडा रखने वाले पंखे की सफाई के दौरान शार्ट सर्किट से यह हादसा हुआ। अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया, लेकिन द्मकल की गाड़ियों के आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। मेट्रो प्रवक्ता ने दावा किया कि इस से मेट्रो सेवा पर असर नहीं पड़ा।